an>

Title: Regarding need to provide adequate compensation to farmers who suffered from damage to their crops caused by recent unseasonal rains and hailstroms in Shrawasti and Balrampur districts of Uttar Pradesh.

श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) : मैं सरकार का ध्यान पिछले 15 दिनों से लगातार हो रही बेमौसम की बरसात और कहीं-कहीं भारी ओलावृÂिट से किसानों की खड़ी फसल बरबाद हो जाने की ओर आकृÂट करना चाहता हूँ। भारत का गरीब किसान खेती की आय पर खेती के लिए खाद, बीज सहित अन्य खर्चों में लिए गए भारी कर्ज की अदाएगी का सपना देखता है। खेती की आय से गरीब किसान अपने बच्चों की पढ़ाई, बेटियों की शादी और अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस भारी बरसात और ओलावृÂिट ने करोड़ों गरीब किसानों को असहाय कर दिया है। उनकी कमर तोड़ कर रख दी है। हमारा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर दो जिलों में फैला है, अति पिछड़ा होने के कारण भारत सरकार की सूची में दोनों जिले पिछड़े जिले के रूप में सम्मिलित हैं।

अभी मैं अपने संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों में तबाही देखकर आया हूँ। गेहूँ की खड़ी फसल बर्बाद हो गयी, सरसों अधकचरे में बर्बाद हो गयी, चना-मसूर सभी दलहन की फसलें भी नÂट हो गयी है, यहां तक की आम की फसल पर भी इस बरसात का भारी कुप्रभाव पड़ेगा। आज प्रभावित किसान बहुत कÂट में हैं, बेसहारा होकर केंद्र सरकार की ओर देख रहे हैं। अतः मेरा माननीय कृÂिा मंत्री जी से अनुरोध है कि बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक गांव की व्यापक लिस्ट बनवाकर भारत सरकार किसानों को भरपूर मुआवजा प्रदान करें, क्योंकि इस बार बम्पर फसल होने की संभावना थी, किसानों ने भारी भर्ती लगाया है, अतः औपचारिकता भर निभाने से किसान और अधिक बर्बाद हो जाएंगे। आशा है कि सदन इस त्रासदी से परिचित है, आप स्वयं बर्बादी देख रहे हैं। किसानों के दुख दर्द को महसूस करते हुए भारत सरकार किसानों के लिए भारी पैकेज की घोÂाणा करे, ऐसी मेरी मांग है।